अमर उजाला 15/11/2022

# फोटोग्राफी में कुनाल, न्यूज रीडिंग में निकिता ने मारी बाजी



गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्रतियोगिताओं के विजेता और स्टाफ। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के मास कम्युनिकेशन और वीडियो प्रोडक्शन विभाग ने विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई। प्रतियोगिता का विषय न्यूज रीडिंग, फोटोग्राफी और न्यूज रिपोर्टिंग रहा। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

निर्णायक मंडल के परिणाम स्वरूप न्यूज रीडिंग में प्रथम स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता, द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष श्रुति और तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रूपाली को मिला। वहीं, फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष के कुनाल, द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष के सुमित और तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष के विशेष सहगल को प्राप्त हुआ।

सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन प्रो. सोनम साहू ने किया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने दोनों विभागों को बधाई दी। प्रतियोगिता में डॉ. अमित कुमार, डॉ. चंद्रपाल पूनिया और प्रो. पारुल ने निर्णायक की भूमिका निभाई।